




नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 1 मई 2026


### एक नजर में

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का स्वागत

**सारनी।** नगर के जयस्तंभ चौक पर मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कांग्रेसी नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया.कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्की सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री सिंगार छिंदवाडा जाते समय सारनी के जय स्तभ चौक पर पहुंचते ही कांग्रेसी नेताओं ने जोरदार स्वागत किया है। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। श्री विक्की सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कांग्रेसी नेताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्री सिंगार के ओजस्वी नेतृत्व में हम क्षेत्र की उन्नति के लिए संकल्पित हैं।

## गणेश साहू बने जिला अध्यक्ष

**मुलताई।** नगर के युवा एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू को मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा में राजनीतिक प्रकोष्ठ का बैतूल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ताराचंद साहू द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की स्वीकृति से गणेश साहू को समाज के प्रति समर्पण निष्ठा सकारात्मक सक्रिय योगदान के चलते मध्य प्रदेश तैलिक सभा राजनीतिक प्रकोष्ठ में बैतूल जिला अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया। राजनीतिक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनने पर साहू समाज के सामाजिक बंधुओ द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## आधा दर्जन स्थानों पर किए प्याऊ चालू

**मुलताई।** लगातार बढते तापमान के बीच राहगीरो, यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6 सार्वजनिक स्थलों पर गुरुवार को प्याऊ प्रारम्भ किए हैं। जिसका शुभारम्भ नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार, उपाध्यक्ष शिव माहौरे, पार्षद डॉ जीए बारस्कर, समाजसेवी प्रहलाद सिंह परमार, उपयंत्री योगेश अनेराव, जल शाखा प्रभारी अर्जुन पिपले द्वारा किया गया. इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी अर्जुन पिपले ने बताया नगर में स्टैंड किसान स्तम्भ के पास पहले से नपा से प्याऊ चालू है। गुरुवार को नागपुर नाका, हाईटेक लाइब्रेरी, मंगलवार बाजार, मासोद नाका, थाना रोड, रेल्वे स्टेशन चौक पर प्रारम्भ किए है। जिससे राहगीरों और आम नागरिकों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। लोगो को पीने के पानी के लिए भटकना नही पडेगा। वहीं जलाराम मंदिर नगरीय क्षेत्र, कोर्ट एवं गांधी चौक मे शीघ्र प्याऊ प्रारम्भ किए जाएगे।

## बैंड की गाड़ी चढ़ी, दूल्हा समेत 3 घायल

**घोड़ाडोंगरी।** सामूहिक विवाह/निकाह समारोह की खुशियां उस समय अफरा-तफरी में बदल गई, जब बैंड-बाजे की गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गई और दूल्हों के ऊपर चढ़ गई। इस दर्दनाक हादसे में दूल्हा समेत तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुलताई क्षेत्र के बोहन खापा निवासी 25 वर्षीय दूल्हा अनुल सरोदे के पेट के ऊपर से गाड़ी का टायर गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसके कजिन भाई राहुल सरोदे के पैर में फ्रैक्चर हो गया। एक अन्य दूल्हा भी इस हादसे में चोटिल हुआ है। घायलों को तुरंत घोड़ाडोंगरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनुल सरोदे और राहुल सरोदे की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# मेढ़ा जल परियोजना का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 30 अप्रैल. 322.33 करोड़ रुपए की लागत वाली मेढ़ा समूह जल एवं सिंचाई परियोजना के निर्माण में देरी पर गुरुवार को कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सख्त रुख अपनाया।**

> 322 करोड़ की योजना में देरी पर कलेक्टर सख्त
>
> दो शिफ्ट में काम कराने के दिये निर्देश



उन्होंने भैंसदेही जनपद के ग्राम मेढ़ा पहुंचकर डैम और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के लिए अधिकारियों व ठेकेदार को अतिरिक्त जनशक्ति लगाकर जरूरत पड़ने पर दो शिफ्ट में काम कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, डूब प्रभावित ग्रामीणों की मुआवजा और पुनर्वास संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को गांव में 3 दिन में शिविर लगाने को कहा है। पूर्व में इस योजना के निर्माण की गति बेहद धीमी रही थी, जिसे लेकर अब प्रशासन ने नियमित मॉनिटरिंग का निर्णय लिया है। दरअसल मेढ़ा समूह जल योजना से 241 गांवों तक पेयजल पहुंचाया जाना है। यह जिले की 618.1 करोड़ रुपए की उन चार समूह जल योजनाओं का हिस्सा है, जिनसे कुल 545 गांवों को पानी मिलेगा। करीब नौ माह पहले मेंढ़ा, वर्धा और गढ़ा योजनाओं में मात्र 30 प्रतिशत काम ही हो पाया था। जल शोधन संयंत्र, पाइपलाइन और घरेलू कनेक्शन जैसे काम शुरू न होने पर हाल ही में मेंढ़ा व वर्धा परियोजनाओं के ठेके निरस्त कर रिटेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 28 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र, 33.67 एमएलडी इंटेक वेल, पंप स्टेशन और पाइपलाइन कार्यों की प्रगति देखी और हर महीने का लक्ष्य तय कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम के अलावा पीआईयू से अविनाश दिवाकर, जल निगम के अर्पित सिंघल और ठेकेदार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एसडीएम 3 दिन में गांव में लगाएंगे शिविर

कलेक्टर ने डूब प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने एसडीएम भैंसदेही अजीत मरावी को निर्देशित किया कि मुआवजा, पुनर्वास और स्कूल, आंगनवाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए गांव में 3 दिन में शिविर लगाया जाए और समस्याओं का समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम के अलावा पीआईयू से अविनाश दिवाकर, जल निगम के अर्पित सिंघल और ठेकेदार के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### वन विभाग की एनओसी के लिए समन्वय के निर्देश

निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन वन क्षेत्र से गुजरने के कारण वन विभाग की लंबित एनओसी का मुद्दा सामने आया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को सभी विभागों से समन्वय बनाकर प्रकरण जल्द निपटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिविल, पाइपलाइन और ईएंडएम कार्यों के साथ पाइप, वाल्व और पंप सहित अन्य उपकरणों की अग्रिम तैयारी रखने को भी कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अब परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग होगी और वे स्वयं हर माह इसका निरीक्षण करेंगे।

## श्रम योगी मानधन योजना को लेकर बैठक

**बैतूल।** जनपद पंचायत प्रभात पट्टन में गुरुवार को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ सुश्री आंचल पवार एवं श्रम निरीक्षक अक्षय बानिया द्वारा समस्त ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रभात पट्टन विकासखंड में कार्यरत ऐसे श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है और मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है, उनका अधिक से अधिक संख्या में योजना के तहत पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में योजना से संबंधित फ्लेक्स एवं बैनर लगाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। साथ ही शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ा जाए।

## गौवंश को कत्लखाने ले जा रहा आरोपी गिरफ्तार, 4 गौवंश बरामद

**मुलताई। क्षेत्र से ही रहे गौवंश के अवैध परिवहन पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कि जा रही है, इसके बाद भी उक्त गोरखधंधा जारी है।**

> कार्रवाही के बाद भी नहीं लग रही गौ-तस्करी पर लगाम
>
> आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला



गुरुवार को मुलताई पुलिस द्वारा गौवंश को अवैध रूप से कत्लखाने ले जा रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया फरियादी धर्मेंद्र नरवरे पिता लखन नरवरे उम्र 28 वर्ष निवासी पटेल वार्ड मुलताई ने गुरुवार को सूचना दी गई कि ग्राम वंडली से एक व्यक्ति चार बैलों को रिंगी में आगे-पीछे बांधकर मारते-पीटते एवं क्रूरता पूर्वक भूखे-प्यासे हालत में शेघाट वध हेतु ले जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं वंडली-पांजरी रोड कच्चे मार्ग पर उक्त व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शेख आरिफ पिता शेख सुलेमान उम्र 52 वर्ष निवासी शेघाट बताया तथा गौवंश को वध के लिए ले जाना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा 4 गौवंश बरामद कर आरोपी शेख आरिफ के खिलाफ धारा 4, 6, 9 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमरे, आरक्षक डुमलेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

## रक्तदान के साथ जन्मदिवस बना सेवा का पर्व

**बैतूल।** समाज सेवा की उत्कृष्ट भावना का परिचय देते हुए अमर सिंह किलेदार (आशु) के जन्मदिवस के अवसर पर लिंक रोड स्थित आरएसके कार्यालय में प्रतिवर्षानुसार भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 132 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया, जो समाज के प्रति जागरूकता एवं मानवीय सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। इस रक्तदान शिविर का एक विशेष आकर्षण यह रहा कि एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा भी रक्तदान किया गया, जिसने सभी को प्रेरित करते हुए मानव सेवा का सशक्त संदेश दिया। यह शिविर ब्लड बैंक अधिकारी



डॉ. अंकिता सीते की निगरानी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. रानू वर्मा, डॉ. पांडे, अनिल सिंह ठाकुर एवं बलवंत (बल्लू) धोटे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश पांडेगारे (विधायक, आमला), चंद्रशेखर देशमुख (विधायक, मुलताई), गंगा बाई उइके (विधायक, घोड़ाडोंगरी) सहित विशिष्ट अतिथियों में राज सिंह परिहार, राजकुमार अग्रवाल, ऋषिराज सिंह परिहार, नामदेव गारवे, धीरज बोथरा, योगी खंडेलवाल एवं तरुण वैद्य उपस्थिति रहे।

## कलेक्टर डॉ सोनवणे ने भैंसदेही के ग्रामों का किया सघन भ्रमण

**बैतूल।** भैंसदेही विकासखंड के ग्राम टेमुरनी एवं झल्लार के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने गुरुवार को राशन दुकान, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम टेमुरनी में कलेक्टर डॉ सोनवणे ने ग्राम पंचायत भवन में संचालित राशन वितरण दुकान का निरीक्षण करते हुए स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन दुकान निर्धारित दिनों पर अनिवार्य रूप से संचालित हो तथा सभी पात्र हितग्राहियों को सुचारू रूप से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पंचायत भवन की मरम्मत कराने एवं निर्माणाधीन भवन को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण कराने पर भी जोर दिया। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने अधिकारियों के साथ ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणों से पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश पंचायत सचिव को दिए।

## कुएं की जल गंगा अभियान के तहत की सफाई

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी ने जल गंगा अभियान के गुरुवार 30 अप्रैल को पाथाखेड़ा के वार्ड 16 स्थित सार्वजनिक कुएं की श्रमदान के माध्यम से सफाई की। नाले से काई, पत्तियां और कचरा निकालने के बाद ब्लिचिंग डालकर साफ किया गया। नगर पालिका द्वारा जल गंगा अभियान के तहत सार्वजनिक जलस्त्रोतों की सफाई का अभियान सतत जारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं आम नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। गुरुवार को नपा की टीम वार्ड 16 स्थित सार्वजनिक कुए पर



पहुंची। यहां कुए से कचरा निकाला गया। ब्लिचिंग डालकर इसे साफ किया गया। इस कुएं का पानी आवश्यकतानुसार वार्ड में सप्लाई होता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद गणेश महस्की, भीम बहादुर थापा, कविता राजेश पटैया, प्रवीण सोनी, जीपी सिंह, राजकुमार नागले सहित मोहल्ले के लोग मौजूद थे। सभी ने यहा साफ-सफाई की। नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों ने कुए जाने वाले मार्ग पर झाड़ू लगाकर सफाई की। जल गंगा अभियान एवं स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करने का आग्रह किया।

## उपनयन संस्कार ज्ञान और आत्म विकास की ओर अग्रसर करता है

**बैतूल।** वैदिक परंपराओं के संरक्षण एवं प्रसार के उद्देश्य से वैदिक धर्म संस्थान ट्रस्ट (द आर्ट ऑफ लिविंग) द्वारा बैतूल में चार दिवसीय सामूहिक उपनयन संस्कार का सफल एवं भव्य आयोजन श्री श्री विला, सुयोग कॉलोनी में किया गया। इस अवसर पर 14 बालक बालिकाओं ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञोपवीत धारण कर ब्रह्मचर्य जीवन में प्रवेश किया। इस कार्यक्रम का संचालन, बैंगलोर आश्रम से पधारे ब्रह्मचारी शिवतेज जी एवं पंडित शुभम तिवारी के सान्निध्य में विधिवत मंत्रोच्चारण और वैदिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों की गूंज और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष अनुभव हुआ। उपनयन संस्कार के माध्यम से बालकों को गायत्री मंत्र की दीक्षा दी गई तथा उन्हें जीवन में अनुशासन, संस्कार और आध्यात्मिकता के महत्व से अवगत कराया गया। इस मौके पर ब्रह्मचारी शिवतेज जी ने कहा कि उपनयन संस्कार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो व्यक्ति को ज्ञान और आत्म विकास की ओर अग्रसर करता है। यज्ञोपवीत धारण के पश्चात प्रतिदिन संध्या वंदन व अग्नि कार्य का अभ्यास कराया गया।

## वार्ड 6 में पाइप लाइन लीकेज, नागरिक परेशान

**पाथाखेड़ा। नगर पालिका परिषद सारनी के वार्ड क्रमांक 6 में जल रिसाव की समस्या ने आम नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है।**

जैसे ही जलावर्धन योजना के तहत पानी की आपूर्ति शुरू होती है, सड़कों पर पानी का तेज बहाव होने लगता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थिति यह है कि लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही तक में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों एवं



इंजीनियरों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया, किंतु आश्वासनों के अतिरिक्त अब तक कोई ठोस सुधार नहीं हो सका है। वर्षों से चल रही जलावर्धन योजना का कार्य अब तक अधूरा पड़ा है, जो नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार इंजीनियर अधिकारी इस मामले में लापरवाही बरतते हुए जनता के साथ छलावा कर रहे हैं।

अधूरे व अनियमितता से निर्माण कार्यों के कारण न केवल संसाधनों की बर्बादी हो रही है, बल्कि आमजन को भी अनावश्यक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जनता अब प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रही है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह जनआक्रोश का रूप ले सकता है।

## लाखों रुपए के लेन देन से प्रताड़ित शिक्षक ने की आत्महत्या

**पाथाखेड़ा। शिक्षक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।**

मामला संपत्ति के सौदे को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार, 28 अप्रैल 2026 को सारणी थाने में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। मृतक की पहचान आजाद नगर पाथाखेड़ा निवासी और गर्ल्स स्कूल में पदस्थ शिक्षक हंसराज पद्माकर (49) के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध पाया गया। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, परिजनों के बयानों और





सुसाइड नोट के आधार पर सामने आया कि आत्महत्या के पीछे मानसिक प्रताड़ना कारण थी। जांच में पता चला कि राजकुमार लोखंडे और उसकी पत्नी निशा लोखंडे (निवासी बडोरा, बैतूल बाजार) ने हंसराज से 25 लाख 21 हजार रुपए में मकान का सौदा किया था। आरोपियों ने बयाने के रूप में 3 लाख 70 हजार रुपए लिए, लेकिन बाद में न तो रजिस्ट्री कराई और न ही रकम लौटाई। जब शिक्षक ने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। प्रताड़ना से आहत होकर हंसराज पद्माकर ने 28 अप्रैल को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस मामले में धारा 108 और 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम किया है। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 29 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की आर्थिक धोखाधड़ी या प्रताड़ना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**भूमिपूजन** ▶ **विधायक एवं नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन**

# 25 लाख रुपए की लागत से होगा शनि तालाब का सौंदर्यीकरण

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 30 मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई मे शनि तालाब का सौंदर्यकरण 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। गुरुवार की विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार सहित पार्षदो ने भूमिपुजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।**

> भूमिपूजन के दौरान मौजूद रहे जनप्रतिनिधि
>
> विधायक ने सीएमओ को लगाई फटकार



शनि तालाब के निर्माण कार्य के संबंध मे जानकारी देते हुए उपयंत्री महेश त्रिवेदी ने बताया शनि सरोवर के निर्माण कार्य 25 लाख रुपए की लागत से मुख्यमंत्री अधोसंरचना निधि से किया जाएगा, निर्माण कार्य को स्वीकृत कराने मे विधायक का योगदान रहा है. जिसमे 150 मीटर घाट निर्माण होगा, जिसमे तीन स्टेप सीढियों का निर्माण, पेवर ब्लॉक लगाए जाएगे, आवश्यकता पड़ने पर इसी कार्य के साथ क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण भी किया जाएगा. ठेकेदार को उक्त कार्य 45 दिनों के भीतर पूरा करना है। वही नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने कहा कि शनि तालाब के घाट की दिनों से क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनका शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने उपयंत्री को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक चन्दशेखर देशमुख ने कहा पवित्र नगरी के विकास के शनि तालाब के सौंदर्यकरण के लिए राशि स्वीकृत कराई है। नगर के विकास के शीतला माता मंदिर मे सामुदायिक भवन का भी शीघ्र निर्माण होगा। मुलताई के विकास के लिए आगे भी हम सब को मिलजुलकर विकास कार्य कराने होगे. इस दौरान पार्षद वर्षा गढेकर ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान पार्षदों वंदना साहू, निर्मला उबनारे, डॉ जीए बारस्कर, अजय यादव, महेंद्र पिल्लू जैन, सुरेश पौनीकर, शिल्पा शर्मा, कुसुम पवार, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, भाजपा नेता राजेश पाठक, जगदीश पवार, विजय शुक्ला, कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह, नितेश साहू, एल्डरमैन सहित नपा कर्मचारी उपस्थित रहे।

**विधायक ने लगाई सीएमओ को फटकार :** भूमिपूजन कार्यक्रम के सीएमओ द्वारा गैती नही रखी गई थी, जिसके स्थान पर फावडा रख दिया था, विधायक, नपा अध्यक्ष सहित पार्षदों द्वारा निर्माण स्थल पर पूजन करने के बाद विधायक को गैती दिखाई नही दी तो विधायक ने सीएमओ व्यवस्था नही बनाने पर कडी फटकार लगाई। क्षेत्र के सहज सरल विधायक का यह रूप जनता द्वारा पहली बार देखा गया।

## 10 हजार का इनामी अफीम तस्कर गिरफ्तार

**सारनी।** लम्बे समय से फरार चल रहे दस हजार के इनामी अफीम तस्कर को सारनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि सारनी थाने के तीन मामलो में फरार चल रहे अफीम तस्कर राकेश उर्फ रंगीला बंजारा को पकड़ने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं खेती पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारणी के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि थाना सारणी के एनडीपीएस के 3 प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे मंदसौर



निवासी आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना सारणी में दर्ज अपराध क्रमांक 100/25 धारा 8/18, 25 एनडीपीएस एक्ट, अपराध क्रमांक 147/25 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट एवं अपराध क्रमांक 153/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट, 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं 39, 44, 57 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के प्रकरणों में आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश उर्फ रंगीला पिता इंदर सिंह बंजारा, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम पंडरिया थाना श्यामगढ़ जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया गया।